दिल्ली विकास प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण/केन्द्र सरकार का **'ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टी.ओ.डी.) के संबंध में दिल्ली मुख्य योजना–2021 में संशोधन'** करने का प्रस्ताव है।

प्रस्तावित संशोधनों को एतद् द्वारा पब्लिक डोमेन में दि.वि.प्रा. की वेबसाइट **www.dda.org.in** पर ('हॉट लिंक्स' एवं 'पब्लिक नोटिस' के अंतर्गत) प्रस्ताव के संबंध में आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

टी.ओ.डी. के संबंध में दिल्ली मुख्य योजना–2021 के प्रस्तावित संशोधनों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/कोई सुझाव देना हो, तो वे अपनी आपत्तियों/सुझावों को इस सूचना के जारी होने की तिथि से **पैंतालीस (45) दिन** की अवधि के अंदर आयुक्त एवं सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, 'बी' ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली–110023 को लिखित रूप में भेज सकते हैं। टिप्पणी करने/विचार प्रस्तुत करने/सुझाव देने वाले व्यक्ति अपना नाम, पता, टेलीफोन नंबर/सम्पर्क नंबर और ई–मेल आई.डी. भी दें, जो पठनीय हो।

प्रस्तावित संशोधनों का पाठ संदर्भ हेतु सभी कार्य दिवसों में उपर्युक्त संदर्भित अवधि के दौरान उप निदेशक कार्यालय, मुख्य योजना अनुभाग, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी एस्टेट, नई दिल्ली–110002 में उपलब्ध रहेगा।

हस्ताक्षर

(डी.सरकार)
आयुक्त एवं सचिव,
दिल्ली विकास प्राधिकरण

फाइल सं: एफ.20(7)2015/एमपी
दिनांक: 28.02.2020
स्थान: नई दिल्ली

कृपया Google play के डीडीए ऐप्स पर अपना फीडबैक दें।

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें या 1800110332 डायल करें